Home › उपयोग-पुस्तिका

अभिभावक व विद्यार्थी सहायता

IPS Academy वेबसाइट उपयोग-पुस्तिका (हिंदी)

प्रवेश आवेदन, परिणाम, प्रवेश पत्र, फीस, सूचनाएँ और App — हर काम मोबाइल के असली चित्रों और आसान कदमों के साथ।

शुरू करने से पहले

आपको क्या चाहिए?

1. इंटरनेट वाला मोबाइल फ़ोन (Chrome browser)
2. प्रवेश के समय दिया गया अभिभावक का मोबाइल नंबर
3. बच्चे की जन्म तिथि (जैसी कार्यालय रिकॉर्ड में है)
4. फीस जमा करनी हो तो UPI App (PhonePe, Google Pay, Paytm, BHIM)

नीचे अपना काम चुनें — उस पर दबाते ही सीधे वही भाग खुल जाएगा। हर भाग में **पहले चित्र** है, फिर **क्रम से कदम**।

वेबसाइट खोलना

menu व मुख्य बटन

प्रवेश आवेदन

online फ़ॉर्म भरना

नवोदय पात्रता

बच्चा योग्य है या नहीं

परिणाम व प्रवेश पत्र

अभिभावक पोर्टल

फीस देखना व जमा

बाकी राशि व UPI

सूचना पट्ट

ताज़ा सूचनाएँ

विद्यार्थी लॉगिन

User ID व Password

IPS App

Android फ़ोन में

मुलाक़ात व संपर्क

दिन, नियम, पता

सुरक्षा सावधानियाँ


धोखे से बचें

समस्या व समाधान

सामान्य प्रश्न

1 वेबसाइट खोलना और रास्ता ढूँढना

हर काम की शुरुआत यहीं से।



मोबाइल पर वेबसाइट का मुखपृष्ठ

1 Chrome खोलें और ऊपर पता लिखें: ipsratangarh.in

Google में "IPS Academy Ratangarh" खोजकर भी खोल सकते हैं।

2 ऊपर दाईं ओर ≡ (तीन लाइन) दबाएँ

पूरा menu खुलेगा — About, Courses, Navodaya, Admission, Students, Contact।

3 Students में अभिभावक व विद्यार्थी के सभी काम हैं

सूचना पट्ट, परिणाम, प्रवेश पत्र, समय सारणी, फीस, विद्यार्थी लॉगिन।

4 पीला बटन IQ Test / Admission Inquiry = प्रवेश आवेदन


नया प्रवेश लेना हो तो इसी से शुरू करें।

5 पेज के सबसे नीचे फ़ोन, WhatsApp, पता और App का QR है

✔ **आसान तरीका:** Chrome में ऊपर ⋮ दबाकर **"Add to Home screen" (होम स्क्रीन पर जोड़ें)** चुनें — वेबसाइट App की तरह फ़ोन पर एक बटन से खुलेगी।

2 प्रवेश के लिए online आवेदन

सत्र 2027–28 में प्रवेश के लिए — घर बैठे मोबाइल से, लगभग 10 मिनट।



Online आवेदन फ़ॉर्म — ऊपर का भाग

पहले ये चीज़ें पास रख लें: बच्चे की हाल की साफ़ फोटो (मोबाइल में), जन्म तिथि, वर्तमान विद्यालय का नाम-पता, अभिभावक का मोबाइल नंबर।

फ़ॉर्म के 5 भाग हैं:


भाग 1
प्रवेश विवरण व पात्रता — कौन-सी तैयारी, किस कक्षा में, माध्यम, जन्म तिथि, विद्यालय

भाग 2
विद्यार्थी — नाम, पिता, माता, लिंग, श्रेणी

भाग 3
संपर्क व पता — मोबाइल, WhatsApp, पूरा पता, जिला

भाग 4
वर्तमान विद्यालय — नाम-पता, ग्रामीण / शहरी

भाग 5
फोटो व प्रवेश परीक्षा की तारीख



भाग 2 व 3 — विद्यार्थी व संपर्क

1 भाग 1: तैयारी चुनें (एक से अधिक चुन सकते हैं)

नवोदय (JNVST), सैनिक स्कूल (AISSEE), AI व Digital Learning, Foundation।

2 प्रवेश कक्षा (3, 4 या 5) और अभी की कक्षा सही चुनें

जन्म तिथि भरते ही फ़ॉर्म अपने-आप पात्रता की जाँच करके संदेश दिखाता है।

3 भाग 2–4 में नाम व पता सरकारी दस्तावेज़ जैसा ही लिखें


* लगे सभी खाने भरने ज़रूरी हैं।

4 मोबाइल नंबर ध्यान से भरें

यही नंबर आगे परिणाम, प्रवेश पत्र व फीस देखने में काम आएगा।

5 भाग 5: फोटो लगाएँ और परीक्षा की तारीख चुनें

फोटो JPG/PNG, 4 MB तक। परीक्षा की तारीख **केवल शनिवार या रविवार** की चुन सकते हैं।



घोषणा पर ✓ लगाकर "आवेदन जमा करें"

1 नीचे घोषणा वाले डिब्बे पर ✓ लगाएँ

2 आवेदन जमा करें → दबाएँ

हरे डिब्बे में लिखा आएगा: "आवेदन सफलतापूर्वक जमा हो गया" और आपकी **आवेदन संख्या**।

3 आवेदन संख्या कागज़ पर लिख लें या screenshot लें

4 आवेदन पत्र Print / PDF save करें

परीक्षा के दिन यह आवेदन पत्र साथ लाना है।


आवेदन पत्र खो गया? उसी पेज पर नीचे **"पहले आवेदन कर चुके हैं? आवेदन पत्र दोबारा देखें / Print करें"** दबाएँ → मोबाइल नंबर + विद्यार्थी की जन्म तिथि भरें → **खोजें**। दोबारा फ़ॉर्म भरने की ज़रूरत नहीं।

ध्यान दें: आवेदन जमा होना प्रवेश नहीं है। प्रवेश IQ Test / प्रवेश परीक्षा में merit (योग्यता) से चयन होने पर ही होता है। रजिस्ट्रेशन शुल्क ₹1,000 (वापस नहीं होता) — जमा करने का तरीका कार्यालय बताएगा।

✔ **परीक्षा के दिन साथ लाएँ:** आवेदन पत्र, बच्चे का जन्म प्रमाण-पत्र, वर्तमान विद्यालय का प्रमाण-पत्र (कक्षा व सत्र सहित) और निवास प्रमाण-पत्र / आधार। परीक्षा का समय व स्थान संस्थान फ़ोन / WhatsApp पर बताएगा।

3 नवोदय पात्रता जाँचें (Eligibility Checker)

जानें कि बच्चा नवोदय (JNVST) कक्षा 6 परीक्षा के नियमों में आता है या नहीं।



पात्रता जाँच — 6 आसान चरण

1 **menu → Navodaya → Eligibility Checker खोलें**

या मुखपृष्ठ पर "नवोदय पात्रता जाँचें" दबाएँ।

2 **चरण 1: बच्चे का नाम, जन्म तिथि, लड़का / लड़की**

फिर नीचे **Next Step →** दबाएँ।

3 **चरण 2–5: पढ़ाई, जिला व निवास, ग्रामीण / शहरी, श्रेणी**

हर चरण के प्रश्नों के उत्तर चुनते जाएँ।

4 **चरण 6: ज़रूरी दस्तावेज़ों की सूची देखें**

5 **अंत में पात्रता रिपोर्ट बनती है — PDF save कर सकते हैं**

! **याद रखें:** यह केवल मार्गदर्शन है। अंतिम नियम हर वर्ष Navodaya Vidyalaya Samiti (navodaya.gov.in) की आधिकारिक सूचना से तय होते हैं।

4 परिणाम, प्रवेश पत्र व समय सारणी (अभिभावक पोर्टल)

पासवर्ड की ज़रूरत नहीं — केवल मोबाइल नंबर + बच्चे की जन्म तिथि।



अभिभावक पोर्टल — मोबाइल नंबर व जन्म तिथि

1 **menu → Students → Exam Result खोलें**

ऊपर 5 बटन मिलेंगे: सूचनाएँ • परिणाम • प्रवेश पत्र • समय सारणी • फीस — सबमें एक ही पोर्टल है।

2 **अभिभावक का मोबाइल नंबर भरें (10 अंक)**

वही नंबर जो प्रवेश के समय दिया था।


3 **बच्चे की जन्म तिथि चुनें**

कैलेंडर में पहले वर्ष, फिर महीना, फिर दिन चुनें।

4 **देखें दबाएँ**

आपके बच्चे का नाम, कक्षा, सत्र और सभी परीक्षाएँ खुल जाएँगी।

✔ **एक ही नंबर पर दो-तीन बच्चे?** सभी बच्चों की जानकारी एक साथ अलग-अलग डिब्बों में दिखेगी।



1 **जिस परीक्षा का काम है, उसके सामने बटन दबाएँ**

परिणाम = अंक • **प्रवेश पत्र** = admit card • **समय सारणी** = किस दिन कौन-सा विषय।

2 **खुली खिड़की में नीचे 🖨️ Print दबाएँ**

Print की जगह "Save as PDF" चुनकर फ़ोन में भी रख सकते हैं।

3 **"अभी जारी नहीं" लिखा हो तो**

संस्थान ने वह जानकारी अभी जारी नहीं की है — बाद में फिर देखें।

4 **पुरानी परीक्षाएँ देखनी हों**

नीचे **"पुरानी सभी परीक्षाएँ दिखाएँ"** दबाएँ।

5 **काम पूरा होने पर बाहर निकलें दबाएँ**

30 मिनट बाद पोर्टल अपने-आप बंद हो जाता है।

जानकारी: यह संस्थान की आंतरिक परीक्षाओं का परिणाम है — नवोदय (JNVST) का परिणाम नवोदय विद्यालय समिति जारी करती है।

संदेश आए तो क्या करें?

"इस मोबाइल नंबर और जन्म तिथि से कोई रिकॉर्ड नहीं मिला।"

प्रवेश के समय दिया गया नंबर भरें (हो सकता है पिता / माता का दूसरा नंबर दिया हो)। जन्म तिथि दोबारा जाँचें। फिर भी न खुले तो कार्यालय को फ़ोन करें — जन्म तिथि रिकॉर्ड में जुड़वा दी जाएगी।

"कृपया 10 अंकों का मोबाइल नंबर और सही जन्म तिथि भरें।"

नंबर के आगे 0 या +91 न लगाएँ, केवल 10 अंक भरें।

"बहुत अधिक गलत प्रयास..."

सुरक्षा के लिए बार-बार गलत भरने पर पोर्टल 30 मिनट के लिए रुक जाता है। 30 मिनट बाद सही जानकारी से फिर कोशिश करें।

"समय समाप्त — फिर से सत्यापन करें।"

30 मिनट पूरे हो गए — मोबाइल नंबर व जन्म तिथि फिर से भरें।

5 फीस देखना और जमा करना

कितनी फीस बनी, कितनी जमा हुई और कितनी बाकी है — एक नज़र में।

फीस — उदाहरण

विवरण	कुल	जमा	बाकी
पहली किस्त	₹25,000	₹25,000	✓
दूसरी किस्त	₹25,000	₹10,000	**₹15,000**

कुल बाकी: **₹15,000**

1 **menu → Students → Fees (या पोर्टल में फीस बटन)**

2 **मोबाइल नंबर + जन्म तिथि भरकर देखें दबाएँ**

नीचे "फीस" तालिका में हर बिल की राशि दिखेगी।

3 **बाकी वाले खाने में ✓ = पूरी जमा**


राशि लिखी हो तो उतनी फीस बाकी है। सबसे नीचे "कुल बाकी" लिखा होता है।

फीस कैसे जमा करें? Online फीस जमा करने की सुविधा शीघ्र शुरू होगी — शुरू होने पर बाकी राशि के नीचे **"ऑनलाइन जमा करें"** बटन दिखेगा (UPI QR से)। तब तक फीस जमा करने के लिए कार्यालय से संपर्क करें: +91 9983332274।

फीस की पूरी जानकारी: वार्षिक फीस, किस्तें, एकमुश्त छूट और वापसी (refund) के नियम "Fees FAQ" व "Refund Policy" पेज पर हैं।

6 सूचना पट्ट (Notice Board)

छुट्टियाँ, परीक्षा, प्रवेश और नवोदय से जुड़ी ताज़ा सूचनाएँ।



सूचना पट्ट — नई सूचना सबसे ऊपर

1 **menu → Students → Notice Board खोलें**

2 **सबसे नई सूचना सबसे ऊपर होती है**

बाईं ओर सूचना की तारीख लिखी होती है।

3 **सूचना खोलें / डाउनलोड करें दबाएँ**

सूचना की फोटो / PDF खुलेगी — उसे फ़ोन में save कर सकते हैं।


4 **पूरी जानकारी देखें = किसी आधिकारिक वेबसाइट का link**

जैसे नवोदय प्रवेश पत्र या परिणाम की सरकारी वेबसाइट।

✔ **आदत बनाएँ:** हर सप्ताह एक बार सूचना पट्ट ज़रूर देखें।

7 विद्यार्थी लॉगिन

विद्यार्थी का अपना खाता — संस्थान से मिले User ID व Password से।



विद्यार्थी लॉगिन पेज

1 **menu → Students → Student Login खोलें**

2 **कार्यालय से मिला User ID (Username) और Password भरें**

प्रवेश के बाद कार्यालय (Reception) यह देता है। न मिला हो तो कार्यालय से माँगें।


3 **लॉगिन दबाएँ — विद्यार्थी का खाता खुलेगा**

पासवर्ड भूल गए? कार्यालय को फ़ोन करें — पहचान जाँचकर नया पासवर्ड बना दिया जाएगा।

अभिभावक हैं? आपको पासवर्ड की ज़रूरत नहीं — भाग 4 वाला अभिभावक पोर्टल उपयोग करें।

8 IPS Academy App (Android फ़ोन)

App केवल Android फ़ोन के लिए है (iPhone के लिए नही)।



हर पेज के नीचे App का QR

1 **वेबसाइट के किसी भी पेज के सबसे नीचे जाएँ**

"IPS Academy App" और एक QR दिखेगा।

2 **फ़ोन पर हों तो App डाउनलोड करें दबाएँ**

कंप्यूटर पर हों तो दूसरे Android फ़ोन के कैमरे से QR स्कैन करें।

3 **डाउनलोड पूरा होने पर फ़ाइल IPS-Academy.apk खोलें**

फ़ोन नीचे की सूचनाओं (notification) में या "Files / Downloads" में दिखाएगा।

4 **फ़ोन पूछे तो "इस स्रोत से अनुमति दें" (Allow from this source) चालू करें**

फिर **Install** दबाएँ।

5 **App खोलें**

✖ **सावधान:** App केवल **ipsratangarh.in** वेबसाइट से ही डाउनलोड करें। किसी अनजान WhatsApp link से भेजी गई APK फ़ाइल install न करें।

9 बच्चे से मुलाक़ात और कार्यालय से संपर्क

मुलाक़ात के दिन, नियम और संपर्क का तरीका ।

मुलाक़ात के दिन: हर महीने का दूसरा शनिवार और रविवार

- **Campus visit और मुलाक़ात के लिए पहले से अनुमति या appointment ज़रूरी है**
- **आगंतुक की पहचान की जाँच होती है**
- **केवल माता-पिता या admission record में अधिकृत व्यक्ति ही विद्यार्थी से मिल या उसे ले जा सकते हैं**
- **निर्धारित समय के बाहर प्रवेश नहीं — विशेष स्थिति में केवल Director की अनुमति से**

📞 फ़ोन करें
+91 9983332274

💬 WhatsApp करें
+91 9983332274

🕘 कार्यालय समय
Monday–Sunday, 9:00 AM – 6:00 PM

📍 पता व रास्ता
रामचन्द्र पार्क के पास, रतनगढ़,
जिला-चूरू, राजस्थान – 331022

10 सुरक्षा सावधानियाँ — धोखे से बचें

ये 6 बातें हमेशा याद रखें।

✖ **UPI PIN:** UPI PIN केवल **पैसे भेजने** के लिए डाला जाता है, पैसे **पाने** के लिए कभी नहीं। कोई "पैसे भेज रहा हूँ, PIN डालो" कहे तो वह धोखा है।

✖ **OTP व पासवर्ड:** अपना OTP, UPI PIN या बैंक पासवर्ड किसी को न बताएँ — फ़ोन करने वाला खुद को संस्थान का बताए तब भी।

! **सही वेबसाइट:** फीस, परिणाम व आवेदन के लिए केवल **ipsratangarh.in** पर ही जाएँ। नाम मिलती-जुलती दूसरी वेबसाइट पर जानकारी न भरें।

! **भुगतान से पहले:** UPI App में पाने वाले का नाम और राशि हमेशा जाँच लें। शक हो तो पहले कार्यालय को फ़ोन करें।

✔ **मोबाइल नंबर छिपा रहता है:** पोर्टल में आपका नंबर 98XXXXXX74 जैसा अधूरा दिखता है — यह सुरक्षा के लिए है।

✔ **दूसरों के फ़ोन पर:** किसी और के फ़ोन से पोर्टल खोला हो तो काम के बाद **बाहर निकलें** ज़रूर दबाएँ।

11 समस्या व समाधान

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न — किसी प्रश्न पर दबाएँ, उत्तर खुलेगा।

अभिभावक पोर्टल में परिणाम / फीस कैसे देखें?

Students → Exam Result खोलें, प्रवेश के समय दिया गया मोबाइल नंबर और बच्चे की जन्म तिथि भरकर "देखें" दबाएँ। पासवर्ड की ज़रूरत नहीं।

मेरा मोबाइल नंबर बदल गया है, अब क्या करूँ?

कार्यालय को फ़ोन करके नया नंबर रिकॉर्ड में जुड़वाएँ। उसके बाद नया नंबर पोर्टल में काम करेगा।

प्रवेश पत्र में "अभी जारी नहीं" लिखा है।

संस्थान ने उस परीक्षा का प्रवेश पत्र अभी जारी नहीं किया है। परीक्षा से कुछ दिन पहले फिर देखें।

आवेदन संख्या भूल गया / आवेदन पत्र खो गया।

आवेदन फ़ॉर्म वाले पेज पर नीचे "पहले आवेदन कर चुके हैं?" दबाकर मोबाइल नंबर व जन्म तिथि से आवेदन पत्र दोबारा देखें और Print करें।

एक बच्चे के लिए दो बार आवेदन हो गया तो?

कोई बात नहीं — कार्यालय को फ़ोन करके बता दें। एक ही आवेदन मान्य रहेगा।

Print कैसे करें या PDF कैसे बनाएँ?

Print बटन दबाने पर फ़ोन Print खिड़की खोलता है। Printer की जगह "Save as PDF" चुनें —

फ़ाइल फ़ोन में save हो जाएगी, जिसे WhatsApp पर भी भेज सकते हैं।

Online भुगतान के बाद फीस में राशि नहीं दिखी।

UPI से जमा राशि कार्यालय बैंक से मिलाने के बाद फीस में जोड़ता है। तब तक स्थिति "जाँच बाकी" दिखेगी। ज़्यादा देर हो तो UTR नंबर के साथ कार्यालय को WhatsApp करें।

क्या यह परिणाम नवोदय (JNVST) का है?

नहीं। अभिभावक पोर्टल में संस्थान की अपनी (आंतरिक) परीक्षाओं का परिणाम है। नवोदय का परिणाम नवोदय विद्यालय समिति जारी करती है — उसकी सूचना सूचना पट्ट पर दी जाती है।

App iPhone में चलेगा?

नहीं, IPS Academy App केवल Android फ़ोन के लिए है। iPhone पर वेबसाइट ipsratangarh.in से सभी काम हो जाते हैं।

वेबसाइट पर कोई जानकारी गलत दिखे तो?

कार्यालय को फ़ोन या WhatsApp करें — जाँचकर सुधार दिया जाएगा।

आसान शब्दकोश

पोर्टल (Portal)
वेबसाइट का वह भाग जहाँ आपके बच्चे की अपनी जानकारी दिखती है।

प्रवेश पत्र (Admit Card)
परीक्षा में बैठने का पत्र — रोल नंबर सहित।

सत्र (Session)
पढ़ाई का वर्ष, जैसे 2026–27।

आवेदन संख्या
online आवेदन जमा होने पर मिलने वाला नंबर — इसे संभालकर रखें।

UTR / Reference नंबर

UPI भुगतान की 12 अंकों की पहचान संख्या — UPI App में मिलती है।

OTP

मोबाइल पर आया एक बार का गुप्त कोड — किसी को न बताएँ।

APK

Android App की install करने वाली फ़ाइल।

JNVST

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (कक्षा 6 प्रवेश)।

📞 फिर भी सहायता चाहिए?

फ़ोन करें: +91 9983332274

💬 WhatsApp पर पूछें

Monday–Sunday, 9:00 AM – 6:00 PM

यह पुस्तिका IPS Academy Ratangarh की वेबसाइट पर उपलब्ध सुविधाओं के उपयोग के लिए है। चित्र मोबाइल फ़ोन से लिए गए हैं; आपके फ़ोन पर रंग-आकार थोड़ा अलग दिख सकता है।